दैनिक

प्रातः कालीन

क्यूँ न लिखूँ सच

भारत सरकार से रजिस्टर्ड

हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र

मुरादाबाद से प्रकाशित

RNI NO- UPBIL/2021/83001

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

KNLS Live

सम्पर्क करें-9027776991

न्यूज़ पोर्टल बनवाये 2999' में

न्यूज़ पेपर डिजाइन कराये कम दाम में

वर्ष :- 03 अंक :- 144 मुरादाबाद, 13 September 2023 (Wednesday) पृष्ठ :- 08 मूल्य : 3.00 रुपये

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

संक्षिप्त समाचार

उर्स-ए-रजवी: बरेली में सोनिया गांधी और मायावती ने भेजीं चादर, भाजपा सांसद की ओर से भी की गई चादरपोशी

बरेली में आला हजरत के उर्स के मौके पर कई राजनीतिक पार्टियों की ओर से भी चादरें भेजी गई हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की ओर से चादर भेजी गई। सोमवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष मिर्जा अशफाक सकलैनी और प्रदेश प्रवक्ता डॉ. केबी त्रिपाठी ने इस चादर को आला हजरत दरगाह पर पेश कर गुलपोशी की।इस दौरान पूर्व विधायक छोले लाल गंगवार, डॉ. मेहंदी हसन, दिनेश दद्दा, जुनेद हसन, सुरेश वाल्मीकि, कमरुद्दीन सैफी, जिया उर रहमान आदि मौजूद रहे। उर्स के मौके पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी की ओर से चादर भेजी गई। बसपा सुप्रीमो मायावती की ओर से भी दरगाह पर चादरपोशी की गई। बसपा सुप्रीमो मायावती की ओर से बरेली मंडल के मुख्य सेक्टर प्रभारी राजेश सागर, राजवीर सिंह गौतम, पूर्व जिलाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने दरगाह पहुंचकर चादर पेश की। शाहीन रजा खान, राजू शमीम, अजय सागर, फारुख अहमद मौजूद रहे। भीम आर्मी के संस्थापक व आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद की ओर से प्रदेश उपाध्यक्ष अच्छन अंसारी, संजीव सागर, राजेंद्र सिंह गुर्जर, जिलाध्यक्ष डॉ. दुर्वेश अली अंसारी ने दरगाह पहुंचकर चादर पेश की। इस दौरान राज कमल पाल, मनोज सागर, रियाज अहमद, शाकिर अली आदि मौजूद रहे। बरेली के भाजपा सांसद संतोष गंगवार की ओर भी दरगाह शरीफ पर चादर पेश गई। इसे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा की ओर से पेश किया गया।

पुलिस कर्मियों को मिलेगा 500 रुपये मोटरसाइकिल भत्ता, बुंदेलखंड में बनेगा औद्योगिक विकास प्राधिकरण

यूपी कैबिनेट की मंगलवार को हुई बैठक में 19 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी को 500 रुपये मोटरसाइकिल भत्ता देने के निर्णय को मंजूरी दी गई है। उत्तर प्रदेश पुलिस में तैनात आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी को 500 रुपये मोटरसाइकिल भत्ता दिया जाएगा। मंगलवार को कैबिनेट ने इसके प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी। बता दें कि पहले आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी को 200 रुपये साइकिल भत्ता दिया जाता था, जिसे मोटरसाइकिल भत्ते में परिवर्तित करने के साथ 500 रुपये प्रतिमाह की धनराशि देने की मंजूरी प्रदान की गई है। इससे राज्य सरकार पर 6.78 करोड़ रुपये अतिरिक्त वार्षिक व्ययभार आने का अनुमान है। बैठक में बुंदेलखंड में औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन का निर्णय भी लिया गया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कैबिनेट में लिए गए फैसलों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वित्त विभाग के वर्ष 2018 के शासनादेश के मुताबिक प्रदेश के समस्त विभागों के साइकिल भत्ता के लिए पात्र कर्मियों के लिए 200 रुपये की धनराशि का प्राविधान किया गया था। अन्य राजकीय विभागों के समकक्ष कर्मियों, जिन्हें साइकिल भत्ता अनुमन्य है, से पुलिस विभाग के आरक्षी एवं मुख्य आरक्षी के पृथक कार्यदायित्व के दृष्टिगत अल्प समय में घटनास्थल, विभिन्न प्रकार की अति महत्वपूर्ण ड्यूटी पर पहुंचना होता है, जो वर्तमान हालात में साइकिल से संभव नहीं है। लिहाजा, कानून-व्यवस्था को बनाए रखने के लिए साइकिल के स्थान पर मोटरसाइकिल के प्रयोग व इसके लिए उन्हें साइकिल भत्ते के स्थान पर मोटरसाइकिल भत्ता देने का प्रस्ताव मंजूर किया गया है। बैठक में इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी- - बैठक में बुंदेलखंड में औद्योगिक विकास प्राधिकरण के गठन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है।इसके लिए 33 राजस्व गांवों की जमीन खरीदी जाएगी। इसका निर्माण 14 हजार एकड़ भूमि पर किया जाएगा जिसमें से 8 हजार एकड़ भूमि ग्राम समाज की है। प्राधिकरण का निर्माण झांसी ग्वालियर मार्ग पर किया जाएगा। - अयोध्या में टूरिस्ट फैसिलेशन सेंटर के लिए मंजूरी दी गई है। - धान खरीद नीति को मंजूरी दी गई। - आकांक्षी विकास खण्ड की तर्ज पर 100 नगर निकाय में आकांक्षी नगर निकाय योजना लागू होगी। इन नगर निकायों को 2026 तक विकसित किया जाएगा। इसके बाद फिर 100 निकायों का चयन होगा। इसके तहत 32 मानकों पर कार्य किया जाएगा। योजना के क्रियान्वयन के लिए 100 सीएम फैलो नियुक्त किए जाएंगे। - योजना के तहत 20 हजार से एक लाख आबादी वाले निकाय का चयन किया गया है। - पुलिस के आरक्षी और हेड कांस्टेबल का साइकिल भत्ता 200 से बढ़ाकर 500 रुपये किया गया। संभल, औरैया में पुलिस लाइन बनाई जाएगी। - पुलिस लाइन में शहीद स्मारक, म्यूजियम, ट्रैफिक पार्क भी बनवाया जाएगा। - वीरांगना उधादेवी बटालियन का गठन होगा। 351 करोड़ का बजट की व्यवस्था की गई है।

तमिलनाडु के शिक्षामंत्री पोनमुडी को भाजपा ने घेरा, कहा- मन की बात बाहर आ गई

रविशंकर प्रसाद ने आगे कहा कि पोनमुडी ने यह टिप्पणी उसी %सनातन धर्म विरोधी कार्यक्रम में की थी, जिसमें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उधयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की थी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने मंगलवार को आरोप लगाया कि वोट बैंक की राजनीति के लिए सनातन धर्म पर हमला विपक्षी गठबंधन 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इनक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) का गुप्त एजेंडा है। पार्टी ने इस प्राचीन धर्म के बारे में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) नेताओं की लगातार आलोचनात्मक टिप्पणियों के बीच विपक्षी नेताओं की 'चुप्पी' पर सवाल उठाए इस मुद्दे पर विपक्ष पर ताजा हमला बोलते हुए भाजपा नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कांग्रेस नेतृत्व पर निशाना साधा और कहा कि सोनिया गांधी इस मामले पर अगर चुप्पी साधे रहेंगी तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि सनातन धर्म का विरोध करना 'इंडिया' के न्यूनतम साझा कार्यक्रम का हिस्सा है। प्रसाद ने कहा कि डीएमके नेता की एक टिप्पणी सामने आई है। वह बड़ी कमाल की आई है। अग्रेंजी में एक कहावत है कि 'द कैट इज आउट ऑफ दी बैग' यानी जो सोचा, वो बाहर आ गया। उनकी सोच सबके सामने बाहर आ गई है। साफ है कि इ.ह्ष्ठ.इ. गठबंधन का गठन ही सनातन धर्म का विरोध करने और उसे खत्म करने के लिए बना है। रविशंकर प्रसाद ने आगे कहा कि पोनमुडी ने यह टिप्पणी उसी सनातन धर्म विरोधी%कार्यक्रम में की थी, जिसमें तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के बेटे उधयनिधि स्टालिन ने सनातन धर्म की तुलना डेंगू और मलेरिया से की थी। बाद में अभिनेता राजा ने इसे एड्स से भी अधिक संक्रामक बताया। उन्होंने कहा कि राजा ने कहा था कि सनातन धर्म एड्स से भी खतरनाक है। भाजपा सांसद ने कहा कि वहां के शिक्षा मंत्री ने जो भी कहा वह सच्चाई है। इसका छिपा हुआ एजेंडा है। यह सनातन धर्म का विरोध करके वोट बैंक की राजनीति करना चाहते हैं। इसके लिए यह सभी बहुत समय से लगे हुए हैं। भाजपा सांसद ने कहा कि कांग्रेस और इस गठबंधन से हम कुछ सवाल पूछना चाहते हैं। क्या वहां के मुख्यमंत्री ने अपने बेटे के खिलाफ कोई टिप्पणी की? उन्होंने कहा कि यह लोग हर धर्म की बात करके लीपापोती करते हैं। मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि क्या उन्हें अन्य किसी धर्म के देवताओं की आलोचना करने का अधिकार है? क्या उनमें साहस है? क्या वे ऐसा कर सकते हैं? हम सभी आस्थाओं का सम्मान करते हैं और यह वोट के नाम पर चुप हो जाते हैं। यह लोग अन्य धर्मों पर चुप रहते हैं, लेकिन खुले तौर पर सनातन का विरोध करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा इंडिया गठबंधन से एक स्पष्ट प्रस्ताव लाने का आग्रह करेगी कि वह डीएमके की आलोचना से खुद को पूरी तरह अलग करता है और यह उनका एजेंडा नहीं है। डीएमके द्वारा अपनी आलोचना को सही ठहराने के लिए सनातन धर्म को हिंदुओं के बीच जातिगत भेदभाव की प्रथा से जोड़ने पर भाजपा नेता ने कहा कि शबीर, केवट और संत रविदास जैसे पिछड़ी जातियों के श्रद्धेय लोगों को समर्पित मंदिर बनाए गए हैं। उन्होंने दावा किया कि सनातन धर्म का मानना है कि कोई भी व्यक्ति अपनी जाति और समुदाय की पृष्ठभूमि के बावजूद अपनी भक्ति से भगवान को प्राप्त कर सकता है। कांग्रेस ने इस विवाद को लेकर स्पष्ट तौर पर कहा कि वह हर धर्म का सम्मान करने में विश्वास करती है। कांग्रेस पर पलटवार करते हुए प्रसाद ने कहा कि डीएमके से लेकर राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और समाजवादी पार्टी (सपा) जैसे दलों के कुछ विपक्षी नेता सनातन धर्म और हिंदू धर्म से जुड़े पवित्र ग्रंथों की आलोचना करने में मुखर रहे हैं, लेकिन क्या वे अन्य धर्मों और उनके पवित्र व्यक्तित्वों की आलोचना करने का साहस जुटा सकते हैं? उन्होंने कहा कि भारत की संस्कृति और विरासत का हर रोज अपमान किया जा रहा है और भाजपा इस मुद्दे को लेकर देश भर के गांवों में जाएगी और साथ ही विकास तथा विरासत की बात भी करेगी। उन्होंने विपक्षी नेताओं से सवाल किया कि सनातन धर्म का यह शर्मनाक अपमान क्यों किया जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि देश यह अपमान बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने हाल ही में भारत द्वारा आयोजित जी20 शिखर सम्मेलन की बैठक के दौरान कोणार्क चक्र और प्राचीन नालंदा विश्वविद्यालय को दी गई प्रमुखता के बारे में भी बात की।

गणित के गड़बड़झाले में उलझे BJP सांसद, सपा के शिवपाल यादव ने यूं ली चुटकी

उत्तर प्रदेश की इटावा लोकसभा सीट से भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया और लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कैबिनेट मंत्री सांसद से 20 करोड़ में कितने जीरो होते हैं का सवाल करते हैं जिसका रामशंकर कठेरिया गलत जवाब देते हैं।इटावा सांसद का 20 करोड़ में जीरो के जवाब का वीडियो हो रहा वायरल- सपा नेता शिवपाल यादव ने वीडियो शेयर कर कसा कंज- विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने गए थे कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसादउत्तर प्रदेश की इटावा लोकसभा सीट से भाजपा सांसद रामशंकर कठेरिया और लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में कैबिनेट मंत्री सांसद से 20 करोड़ में कितने जीरो होते हैं का सवाल करते हैं, जिसका रामशंकर कठेरिया गलत जवाब देते हैं।वीडियो वायरल होने के बाद विपक्ष ने जमकर निशाना साधा। समाजवादी पार्टीके राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव नेता शिवपाल यादव ने वीडियो शेयर कर सांसद और मंत्री की चुटकी ली। शिवपाल ने इटावा सांसद को बताया गड़बड़झाले का शिकार- शिवपाल यादव ने कहा- माननीय इटावा सांसद जी का गणित भी गड़बड़झाले का शिकार है। वैसे दानवीर नजर आ रहे लोक निर्माण मंत्री जी विधान सभा सत्र में सम्बंधित विभाग पर आर्थिक चर्चा से भागते रहे। जब पूरे कुएं में भांग पड़ी हो तो गणित, रसायन, अर्थशास्त्र और इतिहास ही नहीं वर्तमान पर भी संकट गहरा जाता है।

क्या है पूरा मामला

रविवार को इटावा क्लब में जनपद में चल रहीं 32578. 14 लाख रुपये की 30 विभिन्न विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण होना था। जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर कैबिनेट मंत्री जितिन प्रसाद पहुंचे थे। कैबिनेट मंत्री ने जनता को संबोधित किया।उन्होंने कहा कि यह योजनाएं तो विकास की एक झांकी मात्र हैं अभी तो कई बड़ी-बड़ी योजनाएं बाकी हैं। कुछ ऐसी योजनाएं भी लाई जाएंगी जिसकी अभी लोगों को कल्पना भी नहीं है। उन्होंने आगे कहा की सांसद डा. रामशंकर कठेरिया तथा सदर विधायक सरिता भदौरिया ने जो प्रस्ताव दिए हैं उन सभी पर कामकाज होगा और यह कार्य पूरे होंगे।इसी दौरान जितिन प्रसाद ने मजाक में सांसद रामशंकर कठेरिया से 20 करोड़ में कितने जीरो होते हैं पूछा। इसके जवाब में सांसद जी 20 करोड़ में छह जीरो होते हैं का जवाब दिया। सांसद जी का यह जवाब सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रहा है।

सुपर जोइनिंग वीक

उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़ पंजाब का तेजी से बढता आपका अपना

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच & KNLS Live

आवश्यकता है भारत के सभी राज्यों से

रिपोर्टर,विज्ञापन प्रतिनिधि की

12 पेज का फुल अखबार

एक बार कॉल अवश्य करे

9027776991

प्रसारित क्षेत्र - उत्तर प्रदेश,उत्तराखंड,छत्तीसगढ़ पंजाब बाकि राज्यों से जल्द प्रसारित

संपादकीय Editorial

Pseudo diplomacy on 'war'

Why was only Ukraine mentioned in the context of war in the 'New Delhi Declaration' of the G-20 Summit? Wars are never one-sided. Their dangers and effects are also all-round. Ukraine was attacked by Russia, this is a global fact, but today Ukraine too, with the military help of Western and European countries, is carrying out drone attacks on Moscow and other big cities. More than 2.5 lakh Russian soldiers have been killed so far. The number of artillery, ships, armored vehicles and armories etc. that have been destroyed is in thousands. Most of the area of Ukraine has become ruins. Ukraine has become a 'puppet' of America and NATO countries and it is its destiny to become a 'scapegoat'. There is no estimate as to when the cities, villages and areas destroyed by the war will be rebuilt. The war has disrupted the world's major supply chains of wheat, edible oil, fertilizers, gas etc. Russia and Ukraine have been the major exporters of these goods. As a result, a global crisis is before us. If the G-20 summit was concerned about the horrors of war, it should have been given due mention.

Russia and China could express their disagreements during brainstorming and discussion. Indonesia's Bali summit condemned Russia for the war. The language of his manifesto was relatively sharp, hence the division between the big powers became deeper and sharper. Russia is an old and tried 'friend' of India, hence relations could not be soured just because of its mention in the manifesto, as a result India tried to maintain a balance by focusing on economic and stable development. Of course, G-20 is the biggest forum for economy and development, but what was done in the Delhi Declaration is a big lie and an example of pseudo diplomacy. The Russia-Ukraine war continues even today. India has not been able to convince its friend Russia to end the war.

New Delhi: The representatives of Russia and China in the G-20 had clearly refused such a declaration in which Russia would have been condemned for the war. Ultimately Delhi had to weave a language which was acceptable to Moscow and Beijing. However, it was also mentioned that territorial sovereignty and integrity should be respected and no force should be used on it. There was consensus and unity in the G-20 regarding the war, but this unity seems to be temporary. The question is also how the Western countries agreed to soften the language of the Bali Declaration. They have been very aggressive towards Russia and China.

In fact, they started feeling that they were losing the power of discussion on the issue of Ukraine in the countries of the Global South. Although most of the developing countries voted with the West regarding Russia's attack on Ukraine, the overwhelming majority in the UN General Assembly was also against Russia, but the countries of the Global South were hesitant or opposed to the decisions to impose all-round sanctions on Russia. Have been. He has advocated for a focus on the wider impacts of war on civil societies. Earlier, the Corona global pandemic had almost shattered human societies. Instead of making Ukraine a central issue at the G-20, the West chose to work with New Delhi and emerging powers to address the concerns and concerns of the Global South. America's apparent thinking was that China was more dangerous for the West than Russia, so it decided to come closer to India and the developing and Global South, so that China could be directly countered. It is the success of India's diplomatic class that Ukraine was also discussed on the G-20 platform and it was given a place in the manifesto. However, organizing G-20 added a lot to India's fame and power. Now India is also being called the 'uncrowned king' of African countries.

Hunger is more in independent India than in neighboring countries



■Rokshinda Khan

New India Hunger India "The most extreme form of starvation or hunger, which involves the destruction of some body parts and death. According to WHO, hunger is a serious problem for the overall health of the world.And so far, malnutrition is responsible for half of the total cases of child deaths. According to FAO, currently more than 1 billion people or one in every 6 people are affected by hunger.The Global Hunger Index report for the year 2022 has been released, in which its neighboring countries Pakistan, Sri Lanka, Nepal and Bangladesh are in a better situation than India." Talking about India, according to the Global Hunger Index 2022 report, India ranked 107 out of 121 countries,Whereas its neighboring country Pakistan is at 99th position.The best placed country in South Asia in this list is Sri Lanka. Sri Lanka, which is struggling with economic problems, has been ranked 64th in this index.India's neighboring country Nepal is at 81st place while Bangladesh is at 84th place.Except for one neighboring country, Afghanistan, the situation of all the countries is better than India in the Hunger Index, Afghanistan is at 109th place in this list.India's child wasting rate (low weight for height), at 19.3%, is worse than the levels recorded in 2014 (15.1%) and even 2000 (17.15%)."Prevalence of undernourishment has also risen in the country from 14.6% in 2018-2020 to 16.3% in 2019-2021. According to National Health Family Survey_5, Among mothers with a child aged 6-23 months, 18% reported that their child had not eaten any food in the 24 hours before the survey, which is referred to as "zero-food" and raises serious concerns related to severe food insecurity.More than 80% of children had not consumed any protein-rich foods in an entire day, and close to 40% did not eat any grains."Six out of ten children do not consume milk or dairy of any form every day. On the scale related to stunting of children, India is at 35.5 percent in 2022 compared to 38.7 percent in 2014."What are the causes of hunger? Poverty, associated factors, populatio, climate change or lack of effective implementation of policies. In these causes, the most important reason behind the persistent hunger is the poor implementation of the schemes and policies.The Integrated Child Development Services (ICDS) and the National Health Mission (NHM) have not achieved adequate coverage. India has achieved self-sufficiency in food production spanning more than four decades, but this does not guarantee food security. It is painful to see that despite having surplus food, hunger still persists.India is also included in the fastest growing economy of the world. But the situation of hunger in India is getting worse day by day.Many government schemes like, Integrated Child Development Services (ICDS) Scheme, Mission poshan 2.0, Mid-day meal, etc. Despite this, India could not achieve the target.To emerge from this situation, India will have to think in a new way and examine the plans.

The path of one nation, one election is not easy: challenges are bigger than attractive

In a diverse and federal country like India, introducing "One Nation, One Election" (ONOE) law is as tempting as it is complicated. The Government of India will have to face significant practical, constitutional and political obstacles in implementing this idea on a practical basis. Despite the monsoon session of Parliament being over on August 11, the Central Government suddenly calling a special session of Parliament from September 18 to 22 is a clear sign of a big political explosion. But at the same time, by constituting a committee under the chairmanship of former President Ramnath Kovind to consider the possibilities of the system of "One Nation, One Election", it seems that the government is going to make a constitutional arrangement to hold simultaneous elections in a special session. Apart from this, political weapons like Uniform Civil Code and Women's Reservation Bill can also be used to destroy the 'India' Alliance. However, the discussion is about simultaneous elections. In a diverse and federal country like India, introducing "One Nation, One Election" (ONOE) law is as tempting as it is complicated. The Government of India will have to face significant practical, constitutional and political obstacles in implementing this idea on a practical basis. The path is not easy, the constitutional hurdles are not less, the biggest challenge to the constitutional provisions is to hold simultaneous elections for the Lok Sabha and the Legislative Assemblies of all the states. The Constitution of India does not provide for simultaneous elections at the national and state levels. Amending the Constitution to enable this idea would require significant political consensus and a lengthy process. The terms fixed for the State Legislative Assemblies and the Lok Sabha are not synchronized. Reconciling these conditions will require constitutional amendments and legal changes at both levels. According to constitutional experts, for this, at least 5 articles of the Constitution will have to be amended, which include Articles 83, 85, 172, 174 and 175. It is not easy to reduce the tenure of the Legislative Assemblies - under Article 83 Clause (2) The tenure has been fixed for exactly 5 years. Provision has been made in Article 85 of the Constitution regarding the session of Parliament. The tenure of the Legislative Assembly of a state in India is determined by Article 172 of the Constitution. This article specifies that the normal tenure of the State Legislative Assembly shall be five years. But it can also be dissolved earlier by the Governor of the state in certain circumstances, such as when the Assembly loses the confidence of the majority or when the Governor recommends its dissolution. The Constitution also allows extension of the term of the Assembly in the event of a declaration of emergency. The same article provides that while a Proclamation of Emergency is in operation, the Parliament may by law extend it for such period not exceeding one year at a time and in no case after the Proclamation ceases to be in operation, it The extension shall not exceed a period of six months. In case of breakdown of the constitutional machinery of the State, the Central Government assumes control of the administration of the State by using the power conferred in Article 356. This article is also called "President's Rule". But now the use of this article is no longer easy. Necessary provisions will also have to be made to accommodate the special situation of Union Territories which do not have their own Legislative Assemblies. Article 324 will be amended to empower the Election Commission with additional powers and responsibilities to coordinate simultaneous elections so that the Commission can declare election dates ahead of time even without the consent of the state government. Electoral separation started after 1967 – the first elections after independence were held simultaneously. After this, Lok Sabha and Assembly elections were held simultaneously in 1957, 1962 and 1967 also. But due to defection, political instability and repeated use of Article 356, the order of simultaneous elections broke down. The state government has been falling prematurely through no-confidence motion and the Assembly has not been in a position to elect a new majority government. Now there will also be a need to amend the relevant provisions related to no-confidence motions and dissolution of legislative assemblies. To change the timing of elections, the Tenth Schedule (anti-defection law) will also have to be amended. It is important to note that constitutional amendments in India require two-thirds majority in the Lok Sabha and Rajya Sabha and support by at least half of the state legislatures. Achieving such consensus and successfully amending the Constitution is a long and challenging process. Administrative hurdles and limited resources – There is also an argument for saving money in favor of simultaneous elections, but conducting elections in a large and populous country like India requires extensive logistical planning and resources. Holding simultaneous elections will put immense pressure on the Election Commission of India, security forces and administrative machinery. Ensuring the availability of electronic voting machines (EVMs), trained personnel and adequate infrastructure in every corner of the country will be a difficult task. The new arrangement may lead to a focus on national issues and neglect of regional concerns, which could potentially Can weaken federalism. Achieving political consensus among various parties at the national and state level regarding simultaneous elections is challenging. The opposition parties seem to be disturbed by this idea. Given the circumstances in which this step is being taken, doubt is natural. The initiative could be on a limited basis at first – There is also an idea that in some states, this work could be started as a pilot project to assess the feasibility and overcome the challenges. At present its possibility seems high. The tenure of the seventeenth Lok Sabha is ending on 16 June 2024. Therefore, general elections are possible between April and May. But the Central Government can conduct elections even before that, so that elections in more and more states can also be held along with the Lok Sabha. The terms of at least ten state assemblies are ending on or before the time they are scheduled for general elections in 2024. Whereas assembly elections in five states – Madhya Pradesh, Rajasthan, Telangana, Mizoram and Chhattisgarh are scheduled to be held by the end of this year. Elections are likely to be held along with the Lok Sabha elections in Andhra Pradesh, Arunachal Pradesh, Odisha, Sikkim and Jharkhand. Whereas the elections of Mizoram, Chhattisgarh, Madhya Pradesh, Rajasthan and Telangana are to be held from December to January 2024. Generally, the recommendation to hold early elections is made by the Union and State Cabinets and then the Election Commission announces the election dates. According to Article 172, the tenure of the Assembly is fixed for 5 years. Since the Election Commission is autonomous in name, but in practice it is a department of the Central Government, which generally works as per the convenience of the Central Government. Therefore, the state elections to be held in June can also be held ahead of schedule along with the Lok Sabha. Currently, 10 states are ruled by BJP and 4 are ruled by NDA. Since the BJP has to fight the elections on the face of Modiji, the ruling BJP, if it wishes, can conduct the elections in these states along with the Lok Sabha much ahead of time with the consent of the state governments. The central government can amend Article 356 to conduct early elections in the four states currently ruled by Congress, Himachal and Karnataka, and Aam Aadmi Party ruled Punjab and Delhi as well as West Bengal. Lack of consensus This is a complex undertaking in a diverse and federal country like India. Strong political will is required to achieve consensus, overcome constitutional and legal hurdles, and ensure a smooth transition.

तेज रफ्तार कार ने दो बाइकों को मारी टक्कर, छात्र की मौत, दरोगा के उत्पीड़न के परेशान था मृतक

मुरादाबाद-सड़क हादसे में युवक की मौत से गुस्साए लोगों ने पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया। उन्होंने आरोप लगाया कि इलाके में तैनात एक दरोगा और सिपाही से वरुण परेशान था। उन्होंने इस घटनाक्रम की जांच की मांग की है। ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद रोड पर तेज रफ्तार एक कार ने दो बाइकों में टक्कर मार दी। इसमें बाइक चला रहे छात्र वोवदवाला निवासी वरुण कुमार चौहान (19) की मौत हो गई जबकि पीछे बैठा उसका दोस्त गांव सुंदरनगर भूतखेड़ा निवासी सौरभ घायल हो गया। दूसरी बाइक पर सवार एक ग्रामीण लौंगी खुर्द निवासी तहसीन अहमद भी घायल हो गया। परिजनों का आरोप है कि वरुण एक हलका दरोगा के कारण तनाव में था। घायल सौरभ का काशीपुर के अस्पताल तथा तहसीन अहमद का स्थानीय निजी अस्पताल में इलाज चल रहा है। ठाकुरद्वारा क्षेत्र के गांव वोवदवाला निवासी वरुण कुमार चौहान पुत्र तेजपाल सिंह ठाकुरद्वारा नगर के कोचिंग सेंटर में पढ़ता था। सोमवार को वह अपने दोस्त गांव सुंदरनगर भूतखेड़ा निवासी सौरभ पुत्र जयपाल सिंह के साथ किसी कार्य से मुरादाबाद रोड पर जा रहा था। गांव मुंशीगंज के पेट्रोल पंप के पास दोपहर करीब 12 बजे सामने से आई तेज रफ्तार ईको कार ने दो बाइकों को टक्कर मारकर रौंद दिया। इसमें एक बाइक पर सवार वरुण चौहान और उसका दोस्त सौरभ गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दूसरी बाइक पर सवार गांव लौंगी खुर्द निवासी तहसीन अहमद भी घायल हो गए। तहसीन अहमद को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जबकि गंभीर घायल वरुण और सौरभ को 108 एंबुलेंस से नगर के सरकारी अस्पताल में लाया गया। यहां डॉक्टर ने जांच के बाद वरुण को मृत घोषित कर दिया। जबकि सौरभ को गंभीर हालत में निजी एंबुलेंस से काशीपुर भेज दिया गया। जानकारी मिलने पर वरुण के परिजन और ग्रामीण अस्पताल में आ गए। उन्होंने अस्पताल में आरोपी कार चालक की गिरफ्तारी की मांग को लेकर हंगामा शुरू कर दिया। यहां पुलिस से उनकी जमकर नोकझोंक हुई। मृतक के परिजन कोतवाली में तैनात एक दरोगा और कांस्टेबल को लेकर भारी गुस्से में थे। वह कार चालक को अस्पताल में हाजिर करने की मांग कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर परिजन और ग्रामीणों ने पहले स्योहारा-सुरजननगर मार्ग पर बाबू रामपाल द्वार और कमलापुरी चौराहे पर जाम लगाया। फिर शव को लेकर ठाकुरद्वारा-मुरादाबाद हाईवे पर नगर के तिकोनिया बस स्टैंड पर पहुंचे और शव को बीच सड़क पर रखकर जाम लगा दिया। करीब तीन घंटे तक ग्रामीणों ने स्योहारा और ठाकुरद्वारा मुरादाबाद हाईवे को जाम किया। इस दौरान परिजनों और ग्रामीणों की पुलिस से कई बार नोकझोंक हुई। ग्रामीणों ने मांग पूरी हुए बिना जाम खोलने से इन्कार कर दिया। प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह ने कहा कि वह जाम खोल दें। कार चालक पुलिस के कब्जे में है लेकिन ग्रामीण नहीं माने। जानकारी होने पर क्षेत्र के पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह जाम स्थल पर पहुंचे। उन्होंने ग्रामीण से वार्ता की। पुलिस को ग्रामीणों की मांग पूरी करने के निर्देश दिए। पुलिस ने उनकी मांगों पर कार्रवाई का आश्वासन दिया। इस पर ग्रामीणों ने जाम खोल दिया। करीब तीन घंटे तक जाम में सैकड़ों वाहन फंसे रहे। लोगों को भारी परेशानी हुई।

आरोपी दरोगा लाइन हाजिर, वसूले गए तीन लाख रुपये होंगे वापस- सर्वेश सिंह

क्षेत्र के गांव वोवदवाला निवासी छात्र वरुण चौहान की मौत के लिए उसके पिता तेजपाल सिंह ने एक दरोगा को जिम्मेदार ठहराया।?उन्होंने पूर्व सांसद कुंवर सर्वेश सिंह के सामने रोते हुए बताया कि करीब 15 दिन पूर्व दरोगा संदीप मलिक ने उनके पुत्र पर झूठा आरोप लगाकर उत्पीड़न किया। जिस पर उसके पुत्र वरुण की झूठे आरोप को लेकर दरोगा से काफी नोकझोंक और मारपीट भी हुई थी। मारपीट में दरोगा का वर्दी एक बिल्ला टूटकर गिर गया था। जो उनके पास सबूत के तौर पर मौजूद है। आरोप है कि मामले को निपटाने के लिए दरोगा ने उनसे तीन लाख रुपये लिए थे। जिससे इस घटना के बाद उनका पुत्र वरुण तनाव में रहता था। तनाव के चलते ही उसके पुत्र की मौत हुई। इसके लिए दरोगा और एक कांस्टेबल जिम्मेदार है। उन्होंने पूर्व सांसद से आरोपी दरोगा, एक कांस्टेबल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। जिस पर पूर्व सांसद ने एसएसपी हेमराज सिंह मीना से मोबाइल पर वार्ता की। पूर्व सांसद ने बताया कि एसएसपी ने दरोगा को लाइन हाजिर कर दिया है। पूर्व सांसद के अनुसार दरोगा द्वारा लिए गए रुपए को पुलिस के अधिकारी मृतक के पिता तेजपाल सिंह को वापस करेंगे।

गुलाम नवी प्रकरण: भोजपुर थानाध्यक्ष ने एसएसपी को भेजी रिपोर्ट, आरोपों को बताया फर्जी

मुरादाबाद-बहेड़ी ब्रह्मनान का अब्दुल खालिक उर्फ खालिक अंसारी अपने बेटे गुलाम नवी की हत्या कर शव गायब करने का आरोप पुलिस पर लगा रहा है। इस मामले में भोजपुर थानाध्यक्ष ने एसएसपी को जांच रिपोर्ट भेजी है। थानाध्यक्ष ने एसएसपी को बताया है कि खालिक ने पुलिस, प्रधानाध्यापक और अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध कुल 30 ऑनलाइन प्रार्थना पत्र दिए हैं। जांच रिपोर्ट में एक मामले में प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पांचाल पर 15 लाख रुपये और दूसरे मामले में विवेचक अनिल कुमार पर 5.10 लाख रुपये घूस लेने के आरोप का भी जिक्र किया है। ये आरोप भी खालिक और उसके बेटे गुलाम नवी ने लगाकर उच्चाधिकारियों को प्रार्थना पत्र दिए थे। थानाध्यक्ष की जांच रिपोर्ट के मुताबिक, 22 जुलाई को खालिक की पत्नी बतूलन और उसके बेटे गुलाम नवी, फैजुल ने प्राथमिक विद्यालय बेहड़ी ब्रह्मनान द्वितीय में प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापकों से गाली-गलौज की और उन्हें जान से मारने की धमकी दी। प्रधानाध्यापक मनोज कुमार की तहरीर पर 26 जुलाई को तीनों आरोपियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज की गई। प्रधानाध्यापक से आरोपी समझौते का दबाव बनाने लगे। बात नहीं बनी तो 5 अगस्त को गुलाम नवी फिर प्राथमिक विद्यालय गया और शिक्षकों को धमकाने लगा। खबर मिली तो दरोगा संजय कुमार ने गुलाम नवी को शांति भंग होने के आरोप में गिरफ्तार कर एसडीएम कोर्ट में पेश किया था। कोर्ट ने मुचलके पर छोड़ दिया लेकिन, गुलाम नवी कोर्ट से जाने को तैयार नहीं था,

वह बैठा रहा। ठाकुरद्वारा थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह ने गुलाम नवी को सीएचसी ले जाकर रात 8ः40 बजे उसका मेडिकल कराया और उसकी बहन खुशबू की सुपुर्दगी में दिया। अब गुलाम नवी का पिता खालिक दरोगा संजय व थानाध्यक्ष अमरनाथ वर्मा पर बेटे की गोली मारकर हत्या कर शव गायब करने का आरोप लगा रहा है। नाम और मोबाइल नंबर बदल कर दिए हैं 30 प्रार्थना पत्र - जांच रिपोर्ट के मुताबिक खालिक आए दिन पुलिस एवं प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनोज कुमार और गांव के अन्य व्यक्तियों के विरुद्ध नाम और मोबाइल नंबर बदल-बदल कर अब तक ऑनलाइन 30 प्रार्थना पत्र दे चुका है। प्रार्थना पत्र के साथ खालिक ने जो फोटोग्राफ संलग्न किए हैं, वह 18 नवंबर 2022 के हैं। इस दिन पूर्व चौकी प्रभारी विजेंद्र सिंह ने शांति भंग मामले में गुलाम नवी का चालान किया था। वहीं फोटोग्राफ खालिक अपने प्रार्थना पत्र में संलग्न कर रहा है। गुलाम नवी के विरुद्ध 2019 में भी जानलेवा हमला और मारपीट के आरोप में भोजपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई थी, उसमें वह जेल भी गया था।

जांच रिपोर्ट में पुराने मामलों का किया जिक्र

18 नवंबर 2022 को मारपीट के आरोप में भोजपुर थाने में शाहिद हुसैन पुत्र आबिद हुसैन बनाम गुलाम नवी पर मामला दर्ज हुआ था। इसकी जांच दरोगा विजेंद्र सिंह ने की थी। इसमें विजेंद्र सिंह ने गुलाम नवी को 19 नवंबर 2022 को शांति भंग के आरोप में गिरफ्तार किया था। इसे एसडीएम कोर्ट में पेश भी किया था। एसडीएम कोर्ट ने गुलाम नवी के विरुद्ध 14 दिन का रिमांड स्वीकृत किया था। उसी वजह से खालिक दरोगा विजेंद्र सिंह पर पैसा लेकर कार्रवाई करने के संबंध में प्रार्थना पत्र देकर शिकायत करना शुरू कर दिया था, फिर गुलाम नवी ने जानलेवा हमला व अन्य आरोपों के तहत 20 मार्च को मामला दर्ज कराया। विवेचक अनिल कुमार ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा। भाई की खबर पाकर उसकी बहन किन्नर खुशबू दिल्ली से ठाकुरद्वारा थाने पहुंची थी। वहां बवाल कर रही थी।

इसके पहुंचने से पहले ठाकुरद्वारा थानाध्यक्ष बिजेंद्र सिंह एसडीएम कोर्ट पहुंचकर गुलाम नवी को थाने ले आए थे। किन्नर खुशबू के बवाल को देखकर उन्होंने उसी दिन पांच अगस्त की रात 8.40 बजे सीएचसी ठाकुरद्वारा में गुलाम नवी का मेडिकल परीक्षण कराया था। जीडी पर तस्करा दर्ज कर किन्नर खुशबू की सुपुर्दगी में उसे सौंप दिया था। इसके बाद वह कहां चला गया? यह पता नहीं है। - अमरनाथ वर्मा, थानाध्यक्ष-भोजपुर

मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता: 11 साल में खोए दोनों बेटे, अब मां-बाप का कोई सहारा नहीं, याद किया तो छलक आए आंसू

क्यूँ न लिखूँ सच
दिनेश परमार

मुरादाबाद मंडी समिति के सामने गली में रहने वाले नैपाल सिंह सिक्योरिटी गार्ड कंपनी संचालित करते हैं। उनके दो बेटे धीरेंद्र और परिवंदर थे। 2011 में मानसिक तनाव के कारण बड़े बेटे धीरेंद्र सिंह ने महज 19 साल की उम्र में आत्महत्या कर ली। इस दुख से उबरने में परिवार को कई साल लग गए। शोले फिल्म में बुजुर्ग कलाकार एके हंगल का डायलॉग, जानते हो दुनिया का सबसे बड़ा बोझ क्या होता है? ...बाप के कंधों पर बेटे का जनाजा...इससे भारी बोझ कोई नहीं है। 60 वर्षीय नैपाल सिंह का दर्द, फिल्म के इस डायलॉग से भी कहीं ज्यादा है। नैपाल सिंह ने एक नहीं अपने दो जवान बेटों के जनाजों का बोझ अपने कंधों पर उठाया है। उन्होंने 11 साल में अपने दो जवान बेटे खो दिए। मंडी समिति के सामने गली में रहने वाले नैपाल सिंह सिक्योरिटी गार्ड कंपनी संचालित करते हैं। उनके दो बेटे धीरेंद्र और परिवंदर थे। 2011 में मानसिक तनाव के कारण बड़े बेटे धीरेंद्र सिंह ने महज 19 साल की उम्र में आत्महत्या कर ली। इस दुख से उबरने में परिवार को कई साल लग गए। जैसे तैसे बड़े बेटे की मौत का दर्द भुला कर जिंदगी पटरी पर लौटी ही थी, लेकिन 11 साल बाद 22 वर्षीय छोटे बेटे परविंदर सिंह उर्फ बॉबी ठाकुर ने भी आत्महत्या कर ली। उसकी शादी को महज आठ माह हुए थे। इन दोनों के तनाव का कारण क्या था, मरते-मरते भी किसी ने नहीं बताया। अब बूढ़े पिता नैपाल सिंह और उनकी पत्नी का कोई सहारा नहीं है। दोनों को मलाल है कि अगर बेटों ने आत्मघाती कदम उठाने से पहले हमसे बात की होती तो कुछ भी करते लेकिन उन्हें मरने न देते।

हंसमुख था बॉबी...कहता था भैया जैसी गलती नहीं करूंगा

बेटों के बारे में बताते-बताते नैपाल सिंह का गला रुंध गया और जुबान लड़खड़ाने लगी। कहते हैं कि छोटा बेटा परविंदर उर्फ बॉबी ठाकुर बहुत हंसमुख था। कभी किसी बात पर वह उदास दिखता था तो हमारी जान निकल जाती थी। उसकी मां उसे समझातीं तो वह हंसने लगता था। कहता था कि मां आप घबराओ मत, जो गलती भैया ने की थी, वो मैं कभी नहीं कर सकता। इसके बावजूद उसने ऐसा कदम उठाया, जिसकी किसी को उम्मीद नहीं थी।

संजो कर रखें हैं बेटों के कपड़े और गिटार

नैपाल सिंह ने अपने घर की तीसरी मंजिल पर छोटे बेटे के कमरे का दरवाजा खोला तो उनकी आंखें डबडबा गईं। कमरे में बॉबी के होम थियेटर के स्पीकर, बॉडी बिल्डिंग के उसके सार्टिफिकेट, तस्वीरें लगी हुई थीं। अलमारी में दोनों बेटों के कपड़े आज भी सही से रखे हुए हैं। अलमारी के नीचे के खाने में रखा गिटार देखकर पिता ने दुख से सिर पकड़ लिया। बोले कि छोटा बेटा बहुत जिद करके यह गिटार लाया था। खुद सीखकर अच्छा बजाने लगा था, ये गिटार भी उसकी अंगुलियों का इंतजार करता है।

काश... बेटों ने अपनी परेशानी बताई होती

नैपाल सिंह और उनकी पत्नी आत्महत्या शब्द सुनकर भी डर से जाते हैं। जिस कारण से उन्होंने अपनी जिंदगी की सबसे बड़ी पूंजी खो दी, उसका महज बातचीत से हल निकल सकता था। दोनों को इस बात का दुख है कि बेटों ने उन्हें अपनी परेशानी के बारे में बताया तक नहीं। अगर बात करते तो शायद आत्महत्या न करते। पति-पत्नी लोगों से हाथ जोड़कर अपील करते हैं कि परेशानी कैसी भी हो, बातचीत से उसे हल किया जा सकता है। अपने माता-पिता, करीबियों, दोस्तों से अपने दुख जरूर साझा करें, जिससे कोई मां-बाप ढलती उम्र में गम में न डूबें, अपनी किस्मत को न कोसें।

दो सो इकत्तीस वा उर्स हर साल की तरह इस साल भी बड़ी शानो शौकत के साथ मनाया गया

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद में उर्स अब्दुर रशीद मियां रहमतुल्ला आले का दो सो इकत्तीस वा उर्स हर साल की तरह इस साल भी बड़ी शानो शौकत के साथ मनाया गया तीन रोज पोरग्राम पहले दिन कुरान ख्वानी दूसरे दिन नातिया प्रोग्राम जिस में मुकर्रिर बकतिया नईमी नातखा अहमद मिया उस्मानी कासिम कुद्दूसी चांद नईमी अरशद सकलेनी जहीन अशरफी उस के बाद कुल शरीफ हुआ उस के बाद हाजी नुरुल साबरी लतीफी ने दुआ कराई अकीदत मंदो ने आमीन आमीन की सदाई बुलंद की सज्जादे रेहान साबरी सरपरस्त गुलाम मुस्तफा उर्स के आखरी दिन गियाराह बज के चालीस मिनट पर कुल शरीफ हुआ हाफिज इफ्तेखार हुसैन ने दुआ कराई लोगों ने आमीन आमीन की सदाई बुलंद की उर्स कमेटी मिशन चौकी हसन खां मोहम्मद असलम अंसारी हाजी मोहम्मद आसिफ हाजी मुर्सलीन मोहम्मद मतीन साबरी फरिद्दूदिन मोहम्मद सुलेमान मोहम्मद असलम मोहम्मद शमीम मोहम्मद तस्लीम मोहम्मद दानिश मोहम्मद वसीम हाफिज मोहम्मद इमरान मोहम्मद असीम ज़ाकिर हुसैन खादिम खास हाजी नुरुल हसन मोहम्मद फरीद बाबा मुक्तदा हुसैन मुकर्रब हुसैन जाफर हुसैन आदि उपस्थित रहे

पार्षद एकता संगठन की बैठक सम्पन हुई

क्यूँ न लिखूँ सच
मौ.युसूफ

मुरादाबाद - पार्षद एकता संगठन की एक बैठक वार्ड 65 लाकड़ीवालान के पार्षद जनाब कमर सलीम साहब के यहाँ सम्पन हुई. बैठक मे नगर निगम सम्बंधित अधिकारियो द्वारा पार्षदो के लेटर हेड की अनदेखी एवं कार्यो मे लापरवाही बरते जाने के विरोध मे जल्द आगामी बैठक मे गाँधी मूर्ति कंपनी बाग से पैदल चल निगम कैंप कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन दिया जायेगा..जिसकी रणनीति एवं दिनांक आगामी बैठक मे जल्द तय की जाएगी.. बैठक मे - कमर सलीम पार्षद, शमशेर अली पार्षद, रेहान अहमद पार्षद प्रतिनिधि, मो. नईम पार्षद व भारतीय परवेज़ इस्लाम पार्षद एवं शाहिद भाई सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे...

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

शिकायतकर्ता की 15296 रुपये पुर्ण की धनराशि को पीडित के क्रेडिट कार्ड में वापस कराया

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा



एटा-सराहनीय कार्य साइबर क्राइम सैल जनपद एटा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एटा श्री राजेश कुमार सिंह के निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा श्री विनोद कुमार पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में जनपद में साइबर अपराध पर प्रभावी नियंत्रण बनाए रखने के परिदृश्य चलाए जा रहे अभियान के तहत साइबर सैल एटा द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए शिकायतकर्ता दानिश खान पुत्र मिराजउद्दीन निवासी पटियाली गेट थाना कोतवाली नगर जनपद एटा ने प्रार्थना के माध्यम से अवगत कराया कि शिकायतकर्ता के पास दिनांक 07.09.2023 को फेसबुक पर मोबाइल का विज्ञापन देखा जो काफी सस्ते रेट दिखा रहा था तो फेसबुक पर उपलब्ध लिंक को ओपन करके अपना नाम पता के साथ-साथ क्रेडिट कार्ड की जानकारी भरी थी । जिसके कारण क्रेडिट कार्ड से 15296 रुपये कट गये के आरोप अंकित किये गये । अपर पुलिस अधीक्षक अपराध एटा द्वारा साइबर सेल की टीम को प्रकरण की जांच कर शिकायतकर्ता की समुचित मदद करने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर सैल एटा द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर त्वरित व लाभप्रद कार्यवाही करते हुए तथा सम्बन्धित मर्चेनेट गेट-वे को ई-मेल व जरिये मोबाइल सम्पर्क करते हुये शिकायतकर्ता की 15296 रुपये पुर्ण की धनराशि को पीडित के क्रेडिट कार्ड में वापस कराया गया है। अपने पैसे वापस पाकर शिकायतकर्ता द्वारा एटा पुलिस को धन्यवाद देते हुए भूरि भूरि प्रशंसा की गई है।

अखिल भारतीय बलाई महासभा बैठक संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
महेंद्र कुमार जैलवाल

आष्ठा अखिल भारतीय बलाई महासभा नई दिल्ली महासभा के नवनिर्वाचित जिला अध्यक्ष श्री राकेश मालवीय पटवारी साहब की अगुआई में मालवीय बलाई समाज धर्मशाला आष्ठा मे महासभा के प्रदेश अध्यक्ष श्री अंधाराम जी मालवीय साहब प्रदेश उपाध्यक्ष सहज सरकार एवं प्रदेश सचिव श्री राजाराम मालवीय उर्फ राजा कलेक्टर साहब प्रदेश सहसचिव श्री बाबुलाल जी खेडीनगर के आतिथ्य में एक अहम बैठक का अयोजन किया गया। बैठक मे सर्वसम्मति से आष्ठा तहसील के अध्यक्ष पद पर श्री रूपसिंह मालवीय बालाखेडा एवं आष्ठा ब्लाक मे दो तहसील होने से विस्तृत क्षेत्र से जावर तहसील के अध्यक्ष के पद पर श्री दीपक पोरवाल जी खटसुरा को नियुक्त किया गया तथा आष्ठा तहसील के उपाध्यक्ष के पद पर श्री जितेन्द्र कुमार कौशल जी को नियुक्त किया गया जिनकी विधिवत नियुक्तियों जिलाअध्यक्ष महोदय द्वारा की गई हैं। बैठक में संगठन के कोषाध्यक्ष श्री राजेश सोलंकी जी संगठन के सहयोगी श्री मनोहर सिंह सरपंच साहब श्री ओंकारसिंह जी बामनिया साहब सहकोषाध्यक्ष श्री बहादुर सिंह मालवीय जनपद सदस्य मिडियाप्रभारी श्री अशोक कट्टी श्री संतोष गुणवान पत्रकार मुकेश जी पटेल काजीखेडी मनोहर सिंह मालवीय सरपंच आष्ठा कोठरी सर्कल उपाध्यक्ष श्री जीवन सिंह पटेल उपसचिव श्री राजाराम सेठ बरखेडी संगठन के सक्रिय सदस्य श्री अनारसिंह सोलंकी लडलिया विजयसिंह एवं अध्यक्ष श्री लखनसिंह मालवीय कोटवार संघ आष्ठा तथा अन्य जिले एवं तहसिलों से पधारे देवास श्यामपुर नसरुल्लागंज इछावर शुजालपुर से पधारे संगठन के हमारे पदाधिकारीगण एवं संगठन के लोग यही तादात में उपस्थित हुए संगठन समाज मे व्याप्त तमाम बुराईया जैसे नुक्ता प्रथा खर्चीली शादीया प्रथा को जड़ से खत्म करने पर काम करेगा तथा समाज के लोगों को स्वयं के रोजगार करने के लिए प्रोत्साहित करेगा साथ अन्य जिलो एवं तहसिल में आगामी विधानसभा एवं लोकसभा के चुनावों में समाज की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी काम करेगा। श्री राजाराम मालवीय उर्फ राजा कलेक्टर प्रदेश महासचिव ने महासभा द्वारा दिनांक 23.09.2023 को प्रदेश स्तर पर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम मे सभी लोगो को चलने का आव्हान किया है। कार्यक्रम समापन पर आभार संगठन के मिडिया प्रभारी महोदय श्री अशोक कट्टी द्वारा व्यक्त किया गया। नोट- आष्ठा तथा जावर तहसील मे संगठन के शेष पदाधिकारीगण एवं सदस्यगण साथ ही संगठन का उद्देश्य कार्य नियम यथावत रहेंगे संगठन अनेकता में एकता पर विश्वास करता संगठन राष्ट्रस्तर पर एकरूपता चाहता है।

डीएम सहाब बाल पुष्टाहार खा रही आंगनबाड़ी

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा-डीएम सहाब सरकार से गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मिलने बाला बाल पुष्टाहार आंगनवाड़ी कार्यकत्री खा रही हैं, माँगने पर धमकी एवं मारपीट की जाती हैं, मजबूरन शिकायत करनी पड़ रही हैं । शायद ऐसा ही कुछ आरोप लगाया हैं एटा विकास भवन पहुच कर विकास खंड सकीट के गाँव गोपालपुर और नगला पुखे के ग्रामीणों ने जनपद के जिलाधिकारी के नाम एक शिकायती पत्र जिला कार्यक्रम अधिकारी को सौपा

चंद दिनों पूर्व हुई घोषणाएं प्रशासन द्वारा कि सड़कों पर अगर कोई भी आवारा जानवर पाया जाता है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- चंद दिनों पूर्व हुई घोषणाएं प्रशासन द्वारा कि सड़कों पर अगर कोई भी आवारा जानवर पाया जाता है तो जिम्मेदारों के खिलाफ कार्यवाही की जाएगी एटा की बीआई पी कालोनी बनी जानवरों का अड्डा इसमें कुत्ता बन्दर और गौशाला भी-- सामिल है इस कॉलोनी में प्राइमरी स्कूल से लेकर इंटर कॉलेज तक चार-चार मौजूद है सुबह या दोपहर छुट्टी के टायम बच्चे जब स्कूल जाते और आते हैं तो यह जानवर रास्ते में इधर-उधर दौड़ते होते हैं जैसे तैसे पेरेंट्स बच्चों को स्कूल तक तो छोड़ते ही हैं लेकिन बहुत संघर्ष के साथ कभी-कभी बंदर और गाय सांड अटैक भी करते हैं बंदरों और सांडों ने कई इंसानों की मौत और जख्मी भी किए हैं लेकिन शासन और प्रशासन इतनी सख्त घोषणाएं करती है दूसरे दिन लगता है की सब ठीक-ठाक हो जाएगा लेकिन वही ढाक के तीन पात कुछ भी नहीं सब जस का तस इंसानों की बस्तियों में यह जानवर खुलकर तांडव करते हैं सुबह या पूरे दिन सड़कों पर बुजुर्ग बच्चों या महिलाएं कोई भी इंसान बहुत दहशत के साथ संभल कर अपने गन्तव्य तक पहुंचते हैं गौशालाओं की स्थिति जिंदा नरक जैसी पाई गई कई बार दलदल में भूखे प्यासे तड़प तड़प कर मरते गोवंश भी पाए गए आखिर सरकार से आया हुआ निवाला इनके नाम का जाता कहां कहां है।

नव प्रतिष्ठान वासले लॉन्ड्री, रेलवे रोड, एटा का फीता काटकर किया उद्घाटन

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- सांसद राजवीर सिंह (राजू भईया) ने पत्रकार आदित्य यादव के नव प्रतिष्ठान वासले लॉन्ड्री, रेलवे रोड, एटा का फीता काटकर किया उद्घाटन। उद्घाटन के बाद राजवीर सिंह राजू भैया ने बटन दबाकर मशीनों का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर वीरेंद्र सिंह लोधी विधायक मारहरा, आशीष यादव (आशू) एमएलसी, संदीप जैन जिलाध्यक्ष भाजपा, ममतेश शाक्य पूर्व विधायक, प्रजापालन पूर्व विधायक, शिशुपाल सिंह यादव पूर्व विधायक, पुष्पेंद्र लोधी ब्लॉक प्रमुख शीतलपुर, भीषमपाल सिंह यादव, शिशुपाल सिंह जावडा, दुलारे सिंह भदौरिया, देवेंद्र चौधरी (बंटी), अनिल प्रधान, अनिल चौधरी, मंथन चौधरी, मेधाव्रत शास्त्री, शराफत हुसैन (काले), विनोद यादव जिला पंचायत सदस्य एवं तमाम गणमान्य लोग व पत्रकार साथी उपस्थित रहे।

नागरिकों की आस्था का प्रतीक वार्ड 15 इंदिरा कॉलोनी स्थित मां लालबाई-फूलबाई मंदिर में लगेंगे पेबर्स

क्यूँ न लिखूँ सच -दिनेश परमार

आष्ठा वार्डवासियों की मौजूदगी में विधायक प्रतिनिधि एवं पार्षद ने किया भूमिपूजन आष्ठा। नगरपालिका द्वारा नागरिकों की मूलभूत सुविधाओं का ध्यान रखते हुए नगर के धार्मिक स्थलों की सुंदरता का भी ध्यान रखा जा रहा है। इसी के चलते विधायक प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, वार्ड पार्षद द्वारा वार्ड क्रमांक 15 कॉलोनी में मां फूलबाई माता मंदिर दुकानों के सामने पेबर्स का निर्माण कार्य किया गया। उक्त कार्य विधायक प्रतिनिधि वार्ड पार्षद तेजसिंह रूप से किया गया। दुर्गादास बैरागी द्वारा विधान एवं मंत्रोच्चार कार्यक्रम संपन्न विधायक प्रतिनिधि जानकारी देते हुए लालबाई-फूलबाई से

तेजसिंह राठौर स्थित इंदिरा लालबाई परिसर में एवं सुंदरता की दृष्टि से का भूमिपूजन का भूमिपूजन रायसिंह मेवाड़ा, राठौर द्वारा संयुक्त मंदिर के पुजारी पूर्ण विधि- के साथ भूमिपूजन कराया। रायसिंह मेवाड़ा ने बताया कि मां संपूर्ण नगर की आस्था जुड़ी है, यह एक प्राचीन चैतन्य स्थान है। विधायक प्रतिनिधि श्री मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि मंदिर के सामने स्थित परिसर में लगभग 2 लाख 50 हजार रूपये की लागत से उच्च गुणवत्ता के पेबर्स स्थापित किए जाएंगे। पेबर्स स्थापन का कार्य पूर्ण होने से मंदिर पृष्ठ भाग से सुंदर व यहां का स्थान व्यवस्थित होगा, वहीं मंदिर परिसर में मौजूद दुकानों पर आने वाले ग्राहकों को भी सुविधा होगी। इस अवसर पर दुर्गादास बैरागी, राजेश बजाज, देवबगस मेवाड़ा, दिलीप श्रीवास्तव, भैरूसिंह मालवीय, निर्मल मालवीय, दरियावसिंह मालवीय, फूलसिंह मालवीय, मुकेश मालवीय, अर्जुनसिंह ठाकुर, भगवानसिंह बैरागी, नर्मदा मेवाड़ा, विजय मेवाड़ा प्रदीप कुशवाहा मनीष कालोदिया मौजूद थे।

आवारा पशुओ का आतंक रौंद रहे खड़ी फसलें

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

एटा- आवारा आतंक से फसलों को बचाने के लिए किसान रात-रातभर जागकर काट रहे हैं। गोवंश के झुंड खेतों में घुस कर सर्वाधिक धान, बाजरा की फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। जिससे किसान परेशान हैं। शासनादेश के अनुसार मार्गों पर घूमने वाले गोवंशों को अभियान चलाकर 15 सितंबर तक गोशालाओं में संरक्षित किया जाना है। जिससे एक तरफ गोवंशों के कारण होने वाले हादसों पर रोक लगे
और फसल संबंधी नुकसान होने से रोका जा सके। बाबजूद इसके मुख्य मार्गों, बाजारों से लेकर खेतों तक गोवंशों के झुंड भटक रहे हैं, जिससे आए दिन वाहन दुर्घटनाएं हो रही है। कई बार तो उनकी वाहनों के टक्कर से मौत भी हो रही है। इतना ही नहीं देहात क्षेत्रों में घूमने वाले गोवंशों के झुंड खेतों में घुस कर किसानों की फसलों को अपने पैरो तले रौंद कर बर्बाद कर रहे है। जिससे परेशान किसान दिन के अलावा रात-रातभर जागकर फसलों की रखवारी कर रहे है। आवारा गोवंशों के झुंड जैथरा, अवागढ़, वसुंधरा, सकीट, शीतलपुर, अलीगंज आदि क्षेत्रों में धान, बाजरा के अलावा सब्जी वर्गीय फसलों को नुकसान पहुंचा रहे है।

विश्व हिंदू महासंघ का कार्यक्रम हुआ संपन्न

क्यूँ न लिखूँ सच
निशाकांत शर्मा

